न्यायालय जिला कलेक्टर, पाली
पीठासीन अधिकारी :: श्री अंश दीप आई.ए.एस.

राजस्व अपील:: 44/2015 ::
जीसीएमएस नम्बर :: 2015/00018

अपीलांटगण :–

1. गणपतलाल शर्मा पुत्र मीठालाल शर्मा जाति गुर्जर गौड़ ब्राहम्ण निवासी हाल ए–11 अम्बा माता स्कीम, टैगोर नगर, पाली।
2. माणकचंद पुत्र मांगीलाल जाति जैन निवासी बड़ी ब्रह्मपुरी, पाली जरिए आम मुख्तियार गणपतलाल शर्मा अपीलाण्ट संख्या 1
3. श्रीमती रेणु शर्मा पत्नी गणपतलाल शर्मा जाति गुर्जर गौड़ ब्राहम्ण निवासी हाल ए–11 अम्बा माता स्कीम, टैगोर नगर, पाली।

बनाम

रेस्पोडेन्टगण :–

1. राज. राज्य जरिये तहसीलदार महोदय, पाली।
2. पुलिस विभाग जरिए पुलिस अधीक्षक, पाली।

न्यायालय जिला कलेक्टर पाली (राजस्थान)

अपील अन्तर्गत धारा 75 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

–:: नि र्ण य ::–

दिनांक :– 1-11-21

अधिवक्ता अपीलांट द्वारा यह अपील अन्तर्गत धारा 75 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के विरूद्ध तहसीलदार पाली के आदेश क्रमांक/राजस्व/2012/8479 दिनांक 6.8.2012 एवं उसकी पालना में पारित पाली चक 2 के नामान्तरकरण संख्या 2657 दिनांक 6.8.12 के विरूद्ध पेश की गई है। अपील म्याद बाहर होने से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 म्याद अधिनियम के मय शपथ पत्र भी पेश किया गया है रेस्पोडेंटगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। व तहसीलदार पाली से रेकर्ड तलब किया गया।

वकील अपीलांट श्री सुमेर सिंह राजपुरोहित के सहायक अधिवक्ता घनश्याम सिंह राजपुरोहित द्वारा दिनांक 7.4.2021 को नो इन्स्ट्रक्शन प्लीड किया गया अपीलांट संख्या 1 फौत हो जाने बाबत रिपोर्ट उनके अधिवक्ता द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र दिनांक 26.11.2020 को दी गई एवं 7.4.2021 व इससे पूर्व अधिवक्ता अपीलांट द्वारा अपीलांट संख्या 1 के कायम मुकाम पेश नहीं कर नो इन्स्ट्रक्शन प्लीड कर दिया ऐसी स्थिति में अपीलांट संख्या 2 व 3 को तलब किया गया दोनों को ही अपील में अंकित पते पर नोटिस प्रेषित किए जो अदम तामील प्राप्त हुए है। ऐसी स्थिति में अपीलांट संख्या 1 फौत हो चूका है तथा अपीलांट संख्या 2 व 3 अपने शकूनत पर नहीं होने से तथा वकील अपीलांट द्वारा नो इन्स्ट्रक्शन प्लीड कर दिए जाने से इस अपील को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाना विधिसम्मत समझते है।

अपील अपीलांट अनुपस्थित रहने से यह अपील खारिज की जाती है। पत्रावली शुमार फैसल की जाकर इस न्यायालय से नंबर से कम हो।

निर्णय आज दिनांक 1-11-21 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर शामिल मिसल किया गया।

Ansh

(अंश दीप)
जिला कलेक्टर, पाली
जिला कलेक्टर, पाली

Signature Not Verified

Digitally signed by Ansh Deep Ralh
Date: 2022.01.30 09:30:57 IST
Reason: SelfAttested